थर्मल पावर प्लांट में मजदूरों का धरना शुरू

सूरतगढ़, (कासं)। सुपर थर्मल पावर स्टेशन के कोल हैंडलिंग प्लांट में कार्यरत मजदूरों ने रेंगा कंपनी के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। श्रमिकों का आरोप है कि कंपनी द्वारा उनसे पूरे 30 दिन काम करवाया जा रहा है, लेकिन भुगतान केवल 26 दिनों का किया जा रहा है। इसके अलावा मजदूरों से प्रतिदिन 12-12 घंटे काम करवाने का भी आरोप लगाया गया है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन मजदूर यूनियन (इंटक) के प्रदेश महामंत्री श्यामसुंदर शर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि मजदूरों को उनके हक का पैसा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का शोषण संगठन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा। शर्मा के अनुसार पूर्व में हुई वार्ता के दौरान कंपनी की ओर से आश्वासन दिए जाने के बावजूद मजदूरों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। धरना दे रहे मजदूरों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अपने न्यायोचित अधिकारों और बकाया भुगतान की मांग को लेकर आवाज उठाई तो उनके साथ अनुचित व्यवहार किया गया। मजदूरों का आरोप है कि उनकी तलाशी ली गई, गेट पास छीन लिए गए और उन्हें प्लांट से बाहर कर दिया गया।

पांडुलिपियों और राजस्थान भारती के दुर्लभ अंकों की प्रदर्शनी शुरू

बीकानेर, (कासं)। सादुल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट बीकानेर के तत्वावधान में आजादी की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजकीय संग्रहालय परिसर स्थित संस्था के सभागार में प्राचीन पांडुलिपियों तथा 'राजस्थान भारती' के दुर्लभ एवं प्राचीन अंकों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में राजस्थान की साहित्यिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से जुड़े दुर्लभ दस्तावेजों को प्रदर्शित किया गया है।

उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। मुख्य अतिथि संग्रहालयाध्यक्ष राकेश शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समीक्षक अशफाक कादरी ने प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियें पर पत्र-वाचन किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां केवल पुराने कागजों का संग्रह नहीं हैं, बल्कि इनमें हमारी भाषा, साहित्य, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक चेतना का इतिहास सुरक्षित है।

उन्होंने कहा कि किसी समाज की पहचान उसकी स्मृति और विरासत से बनती है। इसलिए इन दुर्लभ ग्रंथों और पत्र-पत्रिकाओं का संरक्षण और दस्तावेजीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान भारती के पुराने अंक उस समय के साहित्यिक परिवेश और राजस्थान की रचनात्मक चेतना को समझने के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। नई पीढ़ी को इन धरोहरों से जोड़ने के लिए ऐसी प्रदर्शनियां निरंतर आयोजित की जानी चाहिए। मुख्य अतिथि संग्रहालयाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि संग्रहालयों और शोध संस्थानों में सुरक्षित पांडुलिपियां हमारे अतीत की जीवंत धरोहर हैं। इनमें तत्कालीन समाज, भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के अनेक महत्वपूर्ण संदर्भ मिलते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां शोधार्थियों, विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं।

उन्होंने सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संग्रहालय और शोध संस्थाओं के बीच निरंतर संवाद एवं सहयोग से राजस्थान की समृद्ध विरासत को अधिक व्यापक स्तर पर सामने लाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि प्राचीन साहित्यिक सामग्री हमारे लिए अतीत की ओर देखने वाली खिड़की है।

> ■ प्राचीन पांडुलिपियां केवल पुराने कागजों का संग्रह नहीं हैं, बल्कि इनमें हमारी भाषा, साहित्य, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक चेतना का इतिहास सुरक्षित है

पुराने ग्रंथों और पत्रिकाओं में ऐसे अनेक तथ्य, रचनाएं और संदर्भ मिलते हैं, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए शोध का महत्वपूर्ण आधार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान भारती के पुराने अंक राजस्थान के साहित्यिक इतिहास के महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। इनका अध्ययन करने से प्रदेश की साहित्यिक यात्रा, रचनाकारों की सक्रियता और उस समय की वैचारिक चेतना को समझने में सहायता मिलती है। वरिष्ठ समीक्षक अशफाक कादरी ने अपने पत्र-वाचन में कहा कि प्राचीन पांडुलिपियों में केवल शब्द नहीं बल्कि सदियों की सांस्कृतिक स्मृतियां सुरक्षित हैं।

उन्होंने विभिन्न प्राचीन ग्रंथों के संदर्भ देते हुए उनकी विषय वस्तु, भाषा और साहित्यिक महत्त्व पर प्रकाश डाला।कादरी ने कहा कि पांडुलिपियों का संरक्षण केवल साहित्यकारों या शोधकर्ताओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और व्यापक परिचय समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पुस्तकालयाध्यक्ष विमल शर्मा ने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल शकूर सिसोदिया ने किया।

संस्था परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में प्राचीन पांडुलिपियों के साथ राजस्थान भारती के पुराने अंक दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। साहित्यकारों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और इतिहास एवं संस्कृति में रूचि रखने वाले लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आयोजनकर्ताओं के अनुसार प्रदर्शनी दो दिन तक जारी रहेगी, जिसमें आमजन भी राजस्थान की इस दुर्लभ साहित्यिक-सांस्कृतिक धरोहर को देख सकेंगे।

सेल्समैन पर 34 लाख रूपयों के गबन का आरोप

बीकानेर,(कासं)। बीछवाल इंडस्ट्री एरिया स्थित एक खाद्य तेल निर्माता की कंपनी से माल उठाकर 34 लाख रूपए के गबन करने का मामला सामने आया। व्यवसायी ने सेल्समैन पर आरोप लगाते हुए बीछवाल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

उदयरामसर निवासी सौरभ बोथरा की ओर से बीछवाल थाना पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया गया है कि बीछवाल इंडस्ट्री एरिया में उसकी कंपनी अरिहंत सेलवेक्स प्रालि. है जो खाद्य तेलों का निर्माण कर दुकानों पर बेचती है। पिछले दो-तीन सालों से पुष्करणा स्टेडियम के पीछे रहने वाला लक्ष्मीचंद पुरोहित सेल्समैन का काम करता था। उसे दुकानों पर तेल पहुंचाकर पेमेंट लाने का काम सौंप रखा था।

लक्ष्मीचंद ने शुरू में तो बड़ी ईमानदारी से काम किया और विश्वास जीत लिया। बाद में पेमेंट लाने में गड़बड़ी शुरू कर दी। बड़ा पेमेंट बकाया हुआ तो बहाने बनाने लगा। इस दौरान अपने भाई महेशचन्द्र को साथ लगाया जिसने डीआरएम ऑफिस में नौकरी और रेलवे का परिचय पत्र बताया और पेमेंट दिलाने की गारंटी ली। धीरे-धीरे लक्ष्मीचंद छुट्टी पर रहने लगा और बाद में आना बंद कर दिया। बकाया पेमेंट के बिल वाली दुकानों पर संपर्क किया तो पता चला कि दुकानदारों को तेल बेचा ही नहीं गया।

सार-समाचार

भामाशाहों के सहयोग से गणवेश एवं शिक्षण सामग्री का वितरण

बीकानेर, (कासं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नायक मोहल्ला, राजीव नगर बीकानेर में सत्र 2026-27 के तहत नि:शुल्क गणवेश वितरण योजना के अंतर्गत वंचित छात्र-छात्राओं को रेडीमेड स्कूल गणवेश का वितरण किया गया। इसके साथ ही माह जुलाई 2026 से आज दिनांक तक विद्यालय में नव-प्रवेश लेने वाले सभी कक्षाओं के बच्चों को शिक्षण सामग्री भी भेंट की गई। यह पुण्य कार्य भामाशाह सीमा पारीक, अलका पारीक, मेघराज गहलोत एवं राजेश पारीक के सहयोग से सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रधानाध्यापक शिवशंकर गोदारा ने भामाशाहों को इस कार्य हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् गोपाल राम चौधरी, सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं अध्यक्षता जीवन प्रकाश बामणिया सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपालराम तर्ड ने उपस्थित एसडीएमसी सदस्यों एवं विद्यार्थिन्यों को अपने सम्बोधन में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा भामाशाहों के संयुक्त सहयोग को सरकारी विद्यालयों को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होना बताया तथा विद्यार्थिन्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाध्यापक शिव शंकर गोदारा ने सभी उपस्थित महानुभावों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ में रणवीर स्वामी, श्रीमती नीना सैनी, श्रीमती मनीषा धतरवाल, सुश्री कविता एवं सुश्री पूजा मलिक उपस्थित रहे।

सड़कों की मरम्मत के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर शहर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, पीसीसी सदस्य पूर्व विधानसभा प्रत्याशी यशपाल गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने बीकानेर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बीकानेर के मुख्य बाजारों की सड़कों को 13 अगस्त तक दुरुस्त करने की मांग की। ऐसा ना होने की परिस्थिति में मुख्य स्वाधीनता दिवस मनाने बीकानेर आ रहे मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को बदहाल बीकानेर नामक पोस्टर दिखाकर विरोध जताया जायेगा। जिला कलेक्टर से वार्ता करते हुए यशपाल गहलोत ने कहा कि स्वाधीनता दिवस का कार्यक्रम में मनचाहे स्थानों पर और जहा से सरकार गुजरेगी उन सड़को की हालात ठीक होने के बावजूद उनको दुबारा बनाया जा रहा है। स्टेशन रोड थाने के आगे से सांखला फाटक, सादुल सिंह सर्किल से प्रेमजी प्वाइंट तक विशेष रूप से बीकानेर नमकीन भंडार के आगे अंबेडकर सर्किल से अस्पताल रोड और वहा से अग्रसेन सर्किल रोड पंचशती सर्किल से रोटरी चौराहा सड़क बड़ी दयनीय हालात है जहा रोजाना हजारों नागरिक आवागमन करते है। उनको नहीं सुधारना बीकानेर की जनता के साथ धोखा है। जिला कलेक्टर कार्यालय के पास ही सड़क बनाई गई लेकिन उसके बराबर फॉर्ट डिस्पेंसरी जाने वाली सड़क टूटी पड़ी है। क्या बीकानेर की जनता को सही सड़को पर चलने के अधिकार नहीं है। ज्ञापन देने वाले शिष्टमंडल में प्रदेश प्रवक्ता साजिद सुलेमानी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जावेद पढाि्हार, स्थानीय निकाय अध्यक्ष हसन अली गौरी, जिला कांग्रेस सचिव रामनाथ आचार्य, यूथ कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल जादूसंगत, अकरम अली आदि मौजूद थे।

आवंटियों का बीडीए पर धरना

बीकानेर, (कासं)। जोडबीड़ आवास योजना में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान करीब 200 आवंटियों ने एकजुट होकर शांतिपूर्ण धरना दिया। आवंटियों ने सड़क, बिजली और पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं के लंबित होने पर नाराजगी जताई और प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। आवंटियों का कहना है कि विकास कार्यों में देरी के कारण वे लंबे समय से अपने भूखंडों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। धरने के दौरान आवंटियों की समस्याओं को सुनते हुए बीकानेर विकास प्राधिकरण (बीडीए) के सचिव ने जोडबीड़ विकास समिति की कार्यकारिणी के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में बीडीए सचिव ने व्यक्तिगत भूखंडों की पत्थरगढ़ी का कार्य 10 अक्टूबर तक पूरा करवाने का मुख्य आश्वासन दिया।

बीकानेर में जल्द दौड़ेंगी ई-बसें, 25 रूट तय

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर शहर में जल्द ही पीएम ई-बस सेवा शुरू होगी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ते हुए 25 रूट प्रस्तावित किए गए हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक बसों का अधिकृत शेड्यूल जारी नहीं किया गया है।

ई-बस सेवा शुरू होने के बाद महाराजा गंगसिंह यूनिवर्सिटी से देशनोक और घड़सीसर से गंगाशहर तक बसों का संचालन शुरू हो जायेगा। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने बताया कि अब तक चार बसें बीकानेर पहुंच चुकी हैं। जबकि अन्य बसें अभी आनी हैं। बसों का संचालन जल्द शुरू किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 15 अगस्त से बस सेवा शुरू करने का अभी कोई कार्यक्रम तय नहीं है। बीडीए सेक्रेटरी सिद्धार्थ ने बताया कि फिलहाल रूट तय कर लिए गए हैं और बसों का संचालन भी जल्द शुरू हो जायेगा। प्रस्तावित रूटों में शहर के प्रमुख अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, शिक्षण संस्थान, औद्योगिक क्षेत्र और बाजारों को जोड़ा गया है। इसके साथ ही देशनोक, नापासर, पलाना, उदयरामसर, सुजानदेसर और खारा जैसे बाहरी क्षेत्रों को भी ई-बस सेवा से जोड़ने की योजना है।

हेरोइन खरीद-फरोख्त मामले में दो गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (कासं)। रावतसर थाना पुलिस ने हेरोइन खरीद-फरोख्त के एक मामले में वांछित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इन दोनों को अनुसंधान के बाद ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई 7 अगस्त को दर्ज एक मामले से जुड़ी है। इस प्रकरण में जांच के दौरान, जब्त हेरोइन की खरीद-फरोख्त में शामिल रोहिताश उर्फ मुकेश (30, निवासी टोपरिया, रावतसर) और चरणजीत उर्फ चरणा (27, निवासी भूरानपुरा, तलवाड़ा) को गिरफ्तार किया गया। रावतसर थानाधिकारी ने जाब्ते के साथ संजय कुमार के कब्जे से 9.68 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

बीकानेर येलो अलर्ट से बाहर, बारिश की उम्मीद कमजोर हुई

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों में मानसून सक्रिय होने के बावजूद बीकानेर में गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। पिछले 24 घंटे में यहां 38 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज हुआ, जो प्रदेश में दूसरा सबसे ज्यादा रहा। वहीं 28.8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ बीकानेर रात में प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। बुधवार सुबह जारी मौसम अपडेट में बीकानेर येलो अलर्ट से बाहर हो गया। जबकि 15 अगस्त को भी बारिश के आसार नहीं हैं। ऐसे में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के बीच भी शहर में मौसम साफ रहने की उम्मीद है। बीकानेर में दिन का तापमान लगातार ऊंचा बना हुआ है। 38 डिग्री अधिकतम तापमान के कारण दिनभर गर्मी और उमस का असर रहा। रात में भी तापमान 28.8 डिग्री तक रहने से लोगों को खास राहत नहीं मिल पाई।

> ■ मानसून के बीच गर्मी का असर, तापमान 38 डिग्री पहुंचा

मानसून के बीच तापमान का यह मिजाज शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। राजस्थान के कई जिलों में मानसून की बारिश हो रही है, लेकिन बीकानेर शहर में बारिश नहीं हो रही है। इससे मानसून के असमान वितरण की स्थिति साफ नजर आ रही है। मौसम विभाग ने रात तक बीकानेर में बारिश की संभावना जताई थी। रात तक जिले में मौसम संबंधी गतिविधि बनी हुई थी, लेकिन बुधवार सुबह जारी अपडेट में बीकानेर का नाम येलो अलर्ट वाले क्षेत्रों से हटा दिया गया। इसके बाद शहर में बारिश की उम्मीद भी कमजोर हो गई। बीकानेर में 15 अगस्त को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई वीआईपी शामिल होंगे। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के दिन भी बीकानेर शहर में बारिश की संभावना नहीं है। ऐसे में राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मौसम साफ रहने की उम्मीद है। बीकानेर में मानसून के दौरान बारिश नहीं होने और तापमान लगातार बढ़ने से मौसम का मिजाज अलग बना हुआ है।

रासलीला मंडली ने मंच पर जीवंत किया मीरा का कृष्ण प्रेम

बीकानेर, (कासं)। श्री मुरली मनोहर धोरे पर इन दिनों भक्ति की अलग ही छटा नजर आ रही है। मंच पर वृंदावन से आई रासलीला मंडली के कलाकार जब संत शिरोमणि मीराबाई के कृष्ण प्रेम, त्याग और साधना का चरित्र जीवंत कर रहे थे, तो पंडाल में बैठे श्रद्धालु मानो उसी भक्तिमय संसार का हिस्सा बन गए।

भजनों और अभिनय के बीच कभी मीरा की कृष्ण भक्ति का भाव उमड़ा तो कभी उनके समर्पण के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। चातुर्मास महोत्सव के तहत सोमवार को रासलीला में निकुंज लीला का वर्णन किया गया था। इसके बाद मंगलवार को मीरा चरित्र के मंचन ने आयोजन में भक्ति का नया रंग भर दिया। श्री मुरली मनोहर धोरे पर 25 जुलाई से 22 सितम्बर तक चल रहे दो माह के पावन चातुर्मास महोत्सव में धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला लगातार जारी है। मुरली मनोहर धोरे से जुड़े श्यामसुंदर महाराज ने बताया कि वृंदावन से आई रासलीला मंडली द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे प्रसंग श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति प्रेम, समर्पण और भक्ति का संदेश दे रहे हैं। मीरा चरित्र के मंचन में कलाकारों ने अपने अभिनय और भजनों के माध्यम से मीरा के कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। श्यामसुंदर महाराज ने बताया कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आसपास के कई गांवों से विशेष बसों की व्यवस्था की गई है। उद्देश्य है कि अधिक से अधिक श्रद्धालु कथा, सत्संग और रासलीला का लाभ ले सकें। 22 सितम्बर तक चलने वाले चातुर्मास महोत्सव को लेकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। अब गीता की साधना से रामचरितमानस तक चातुर्मास महोत्सव में आने वाले दिनों में भी श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आयोजनों की लम्बी श्रृंखला तैयार है।

'सहजन पोषण एवं औषधीय गुणों से भरपूर'

बीकानेर, (कासं)। सतत एवं आर्थिक विकास के लिए सहजन आधारित कृषि प्रणाली विषय पर चल रहे तीन दिवसीय कृषक कौशल विकास प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हुआ।

नाबार्ड वित्त पोषित परियोजना के तहत काजरी के क्षेत्रीय अनुसंधान सभागार में आयोजित समापन समारोह में संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर नाबार्ड बीकानेर के डीडीएम अरविंद चाहर की भी उपस्थिति रही। समारोह में संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भोजन को संतुलित एवं पोषक बनाने के लिए सहजन का दैनिक उपयोग महत्वपूर्ण है। सुपर फूड के नाम से जाना जाने वाला सहजन पोषण एवं औषधीय गुणों से भरपूर है। उन्होंने कहा कि सहजन एक बहुउपयोगी फसल है, जिसका उपयोग मानव पोषण, पशुपालन, कृषि सहित विभिन्न औद्योगिक कार्यों में किया जाता है। मीणा ने कहा कि सहजन के विभिन्न उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर किसानों को रोजगार सृजन के साथ-साथ पोषण एवं आर्थिक सुरक्षा भी प्राप्त हो सकती है। उन्होंने सहजन के औषधीय गुणों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मिट्टी को भी उपजाऊ बनाने में सहायक है। परियोजना के मुख्य समन्वयक डॉ. बोरवाल ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार सहजन में शरीर की अनेक बीमारियों को दूर करने की क्षमता मानी गई है। यह वात एवं कफ दोष को कम करने में सहायक है। उन्होंने बताया कि सहजन की सूखी पत्तियों में दूध की तुलना में लगभग चार गुना अधिक कैल्शियम, संतरे की तुलना में सात गुना अधिक विटामिन-सी, गाजर की तुलना में चार गुना अधिक विटामिन-ए तथा पालक की तुलना में तीन गुना अधिक आयरन पाया जाता है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** एस.एण्ड.टी/बी.के.एन-2026-27-16। **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर डिवीज़न के RTGH-SDLP सेक्शन में LC-78 की जगह RE-SDLP सेक्शन में Km 105/4-5 पर RUB बनाने और SDLP यार्ड में LC-144 के संबंध में S&T से जुड़े काम। **अनुमानित लागत मूल्य रू.:** 8176672.98। **Bid Security:** 163500/-। **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 02.09.2026 को 15.00 बजे तक। **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in। 1180-MG/26

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक **31.08.2026** को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है :- **निविदा संख्या** : 137 **कार्य का नाम व स्थान** : जोन नम्बर-2बी सहायक मंडल इंजीनियर-मुख्यालय/ बीकानेर के अधीन लालगढ़ में सर्विस बिल्डिंग के लिए जोनल कार्य। **अनुमानित लागत** : रू. 22588475.16 **धरोहर राशि** : रू. 451800.00 **निविदा संख्या** : 138 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मण्डल इंजीनियर- मुख्यालय/ बीकानेर के अधिन डीआरएम ऑफिस बीकानेर में 07 शाखाओं के लिए स्टाफ स्टाफ इंफ्रास्ट्रक्चर का अपग्रेडेशन/नवीनीकरण और वर्कस्पेस सुविधाएं। **अनुमानित लागत** : रू. 21448765.77 **धरोहर राशि** : रू. 429000.00 **नोट** :- अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

1177-DE/26

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना 2026-27

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन कारखाना, उ.प.रे, बीकानेर द्वारा **खुली ई-निविदा सूचना संख्या :- 01-Elec-WS-BKN-2026-27 दिनाक 11.08.2026** निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है :- **1. कार्य का नाम** : बिजली से संबंधित कार्य-बीकानेर कारखाना के विभिन्न सेक्शनों में मौजूदा इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुधार और उन्नयन से संबंधित कार्य, जिसमें ट्रेवर्सर के लिये पथ विस्तार, जल आपूर्ति प्रणाली, स्टाफ रूम, कैन्टीन और अन्य विविध कार्य सम्मिलित है। **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 1025947.38 **3. बयाना राशि** : रू. 20500.00 **4. ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं खुलने का समय व दिनांक** : **03.09.2026** को 15:00 बजे तक ई-निविदा उसी दिन 15:30 बजे खोली जाएगी। **5. वेबसाइट विवरण जहां से ई-निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती है** : www.ireps.gov.in

1172-DE/26

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे **भंडार विभाग** **ई-नीलामी माह सितम्बर-2026**

अनुपयोगी रेल सामग्री एवं अलोह, स्क्रेप सवारी कोच, वैगन, लोको सामग्री, मशीन, विविध स्क्रेप रेल तथा अन्य रेल पथ स्क्रेप सामग्री नीचे दर्शाए गए भण्डार डिपो व डिविजन में ई-नीलामी की जायेगी।

डिपो डिविजन	अजमेर डिपो	अजमेर डिविजन	जोधपुर डिपो	जोधपुर डिविजन	बीकानेर डिपो /डिविजन	जयपुर डिविजन
सितम्बर -2026	01.09.26 22.09.26	02.09.26 23.09.26	03.09.26 24.09.26	08.09.26 25.09.26	09.09.26 29.09.26	10.09.26 30.09.26

1. नीलामी केटेलोग वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये जायेगें। 2. उत्तर पश्चिम रेलवे अब स्क्रेप नीलामी ई-नीलामी द्वारा करती है। इसलिये सभी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि जल्दी से जल्दी ई-नीलामी हेतु वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपना पंजीकरण करवाये। 3. बोलीकर्ता डिजिटल हस्ताक्षर नीलामी से पूर्व ले लेंवे एवं भुगतान हेतु अपना खाता भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (सरल/व्यापार) में खोलकर बयाना राशि इत्यादि जमा करावे। विस्तृत जानकारी के लिए सम्बन्धित डिपो अधिकारी/भण्डार विभाग प्रधान कार्यालय, जयपुर में सम्पर्क करें

1174-DE/26

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026-27/8103 दिनांक 05.08.2026

ई- निविदा-सूचना सं0 59/2026-27

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 13.41 लाख
UBN Number :- DLB2627WSOB15737

आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/9558 नगर निगम, बीकानेर

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026-27/8152 दिनांक 06.08.2026

ई- निविदा-सूचना सं0 61/2026-27

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 42.27 लाख
UBN Number :- DLB2627WSOB15789

आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/9557 नगर निगम, बीकानेर